



नवभारत
छिंदवाड़ा, बुधवार, 25 फरवरी. 2026




### जुन्नारदेव वनपरिक्षेत्र में खोदे थे गडढे , मजदूरों ने की कलेक्टर से शिकायत

# वन विभाग ने काम करवाया लेकिन नहीं दी मजदूरी



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,24 फरवरी. जुन्नारदेव वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने कटनी से आए मजदूरों से गडढे खुदवा लिए। उसके बाद मजदूरों एक महीने निकल जाने के बाद भुगतान नहीं किया है। मजदूर अपनी मजदूरी लेने के लिए उनके चक्कर काट रहे है।**

उसके बाद भी उन्हें अभी तक उनकी मजदूरी नहीं दी गई है। दरअसल कटनी के तकरीबन दो दर्जन मजदूरों से जुन्नारदेव के चुगनी चौगान में पौधरोपण के लिए 17 हजार गडढे खुदवाना था। इसके लिए वन अमले ने सोनूलाल लोनी से मोबाइल पर बकायदा बातचीत की। उसने 18 रूपए प्रति गडढे के हिसाब से ठेका लिया। बातचीत पूरी होने के बाद कटनी से तकरीबन 24 मजदूर चुगनी चौगान पहुंचे। जहां उन्होंने 8 जनवरी से लेकर 25 जनवरी तक गडढे खोदने का काम पूरा कर किया। जिसका बिल 3 लाख 6 हजार रूपए बना है। काम करने के बाद उन्हें कह दिया गया कि मजदूरी आपके खाते में आ जाएगी। इसके बाद मजदूर अपने गांव कटनी वावस लौट गए। मजदूरों ने मोबाइल पर संपर्क किया, उन्हें तारीख दे दी जाती थी, लेकिन उनके खाते में रुपए नहीं गया। आखिरकार परेशान होकर मजदूर सीधे सोमवार की रात कलेक्ट्रेट आ पहुंचे। जहां उन्होंने सुबह कलेक्टर को आवेदन देकर इस बात की शिकायत की। शिकातय के बाद कलेक्टर ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को फोन पर उनका निराकरण करने निर्देश जारी किए। जिसके बाद जुन्नारदेव से वन अमले के अधिकारी पहुंचे। उन्होंने मंगलवार की शाम तक रुपए देने का भरोसा दिलाया है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक उनके खाते में पैसे नहीं आए थे। शिकायत के दौरान रामगोपाल लोनी, सुभाष लोनी, अक्षय कुमार, रामसुजान, गुल्ली बाई, सविता सहित अन्य मजदूर मौजूद थे। उनके साथ मासूम भी मौजूद थे।

#### 11 हजार बकाया भुगतान भी नही किया

गडढेके साथ साथ वन अमले ने मजदूरों से स्टैकिंग का काम भी करवा लिया। इस काम का 11 हजार रूपए का भुगतान होना था। मजदूरो को यह भुगतान भी नहीं किया गया है। दरअसल मजदूरों से इस कार्य के तहत लकड़ियों के ढेर एक जैसा कटवाकर और एक ढेर बनवा लिए। गुणवत्ता के आधार पर लकड़ी के ढेर रखे जाते है। यह कार्य डिप्टी रेंजर या रेंजर के निर्देशन में होता है। इससे लकड़ियों की सुरक्षा, गिनती और नीलामी आसानी से हो जाती है।

# अवैध कॉलोनियों निर्माण करने वालों पर दर्ज होगा प्रकरण

### वार्ड 48 और 36 में काटे जा रहे प्लाट, नगर निगम आयुक्त ने कार्रवाई के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,24 फरवरी. अवैध कॉलोनियों के निर्माण के खिलाफ नगर निगम ने शख्त रवैया अपनाया हुआ है. पहले भी अवैध प्लाटिंग के खिलाफ नगर निगम द्वारा प्रकरण दर्ज कराया गया है। अब फिर से नगर निगम अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्यवार करने में जुट गया है.**



नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय ने शहर के वार्ड क्रमांक 48 के खसरा नंबर 200/1/1/2 तथा वार्ड क्रमांक 36 के खसरा नंबर 54 पर चल रही निर्माण गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश जारी किए हैं। बिना वैधानिक अनुमति प्लॉटिंग और कॉलोनी विकसित किए जाने की शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई है। निगम आयुक्त ने आदेश जारी कर दोनों ही स्थानों पर अवैध निर्माण ध्वस्त करने, संबंधित क्षेत्रों को अवैध कॉलोनी घोषित करने तथा कॉलोनाइजरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार, पहले मामले में यमला बाला सुब्रमण्यम, गुरुदास, प्रवीता विश्वकर्मा, कृष्ण सैनी, हरिप्रसाद नागवंशी, सचिन विश्वकर्मा, संगीता डेहरिया, उमा पाल, दीक्षा ठाकरे और श्रवण आदि द्वारा बिना अनुमति कॉलोनी विकसित किए जाने की जानकारी सामने आई है। जांच में पाया गया कि संबंधित भूमि पर बाउंड्रीवाल, सीसी सड़क, नाली निर्माण तथा विद्युत पोल लगाने जैसे कार्य भी कराए गए हैं। दूसरे मामले में ग्राम सर्रा की खसरा संख्या 54/3/1, रकबा 1.6420 हेक्टेयर भूमि पर महादेव राव द्वारा कॉलोनी विकसित किए जाने तथा बाउंड्रीवाल, सीसी सड़क, नाली और विद्युत पोल लगाए जाने की सूचना मिली है। इस मामले में भी तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### खड़े वाहन से बाइक की टक्कर में एक मौत, दो घायल

**छिंदवाड़ा।** धरमटेकड़ी चौकी क्षेत्र में मंगवार की सुबह सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वही दो गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामल जांच में लिया है। जानकारी अनुसार रूपेश पिता श्रीलाल चंद्रवंशी उम्र 25 साल नांदौरी अमरवाड़ा का रहने वाला है। वह अपने दो साथियों के साथ सुबह सिंगोड़ी की तरफ लौट रहा था। इसी दौरान राजा खो के समीप सड़क के किनारे खड़े छोटा हाथी वाहन से जा टकराया। इस हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची 108 से तीनों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद रूपेश को मृत घोषित कर दिया। वही दोनों घायलों को इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नगर निगम अमले ने हटाया अतिक्रमण

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,24 फरवरी. आज नगर निगम अमले द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने एवं जन शिकायतों के निराकरण की सख्त कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान नागपुर रोड इमलीखेड़ा क्षेत्र से एक गुमटी जब्त कर फटका मशीन मौके पर पहुंचाई गई।**



साथ ही प्राप्त दो सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण कर उन्हें संतुष्टि पूर्वक बंद कराया गया। इसी क्रम में मानसरोवर कॉम्प्लेक्स से मर्सी हॉस्पिटल तक फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए स्टैंड बोर्ड जब्त किए गए। इसके अतिरिक्त पीडब्ल्यूडी कार्यालय जाने वाले मार्ग से भी अतिक्रमण हटाया गया। नगर निगम टीम द्वारा देव होटल से खजरी चौराहा स्थित आदिवासी संग्रहालय के पास तक विशेष अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### वृद्ध की अज्ञात कारणों के चलते हुई मौत

**छिंदवाड़ा।** कोतवाली थाना क्षेत्र के लालबाग के रहने वाले वृद्ध की मंगलवार को अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार सुनील पिता धुरूलाल वस्त्राणे उम्र 58 साल लालबाग का रहने वाला है। सोमवार को उसकी अचानक तबियत बिगड़ गई। परिजन तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। प्रथम दृष्टया अटैक से मौत होना बताया जा रहा है। हालांकि पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के असली कारणों का खुलासा होगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# जुन्नारदेव पुलिस ने तेज आवाज वाले साइलेंसर लगे वाहनों पर की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा,24 फरवरी. जुन्नारदेव पुलिस ने तेज आवाज और कानफोडू साइलेंसर लगे वाहनों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया गया।** थाना प्रभारी के निर्देशन में उप निरीक्षक ने विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए तेज ध्वनि करने वाले साइलेंसर लगी बुलेट एवं अन्य मोटरसाइकिलों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की। मौके पर ही अवैध और मॉडिफाइड साइलेंसर निकलवाए। पुलिस ने बताया कि ऐसे साइलेंसर ध्वनि प्रदूषण फैलाते हैं। वही आम नागरिकों के लिए परेशानी का कारण बनते हैं। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और निर्धारित मानकों के अनुसार ही वाहनों में उपकरणों का उपयोग करें। अभियान आगे भी जारी रहेगा।


आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
AAROGYA HEALTHCARE AH MULTISPECIALITY HOSPITAL CHHINDWARA
NABH PRE ACCREDITED
इमरजेंसी सेवा, कार्डियक सेंटर एवं एक्सीडेंटल केयर, लेप्रोस्कोपिक एवं नजरल सर्जरी
डॉ. निशांत कांबले
MBBS, MD MEDICINE
सप्रसिद्ध गठिया एवं वात रोग विशेषज्ञ
दिन- प्रतिमाह चौथा गुरूवार
दिनांक- 26 फरवरी 2026
समय- 11 बजे से 4 बजे
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क करें।
6262640425
डॉ. स्नेहल मकेश्वर
MBBS, MD MEDICINE
नागपुर किम्स किंग्सवे हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध पेट रोग के विशेषज्ञ
दिन- गुरूवार
दिनांक- 26 फरवरी 2026
समय- दोपहर 3 बजे से 6 बजे
संपर्क करें- 6262640426, 8770507313, 9425845455
www.aarogyahospital.org
पता- पूजा लॉज के आगे परासिया रोड, छिंदवाड़ा (म.प्र.)



### जाहिर सूचना

आम जनतेस सूचित करण्यात येते कि आम्ही हिमांशू मदन देशपांडे मु. पो. जि. त. नागपूर यांनी गुलाब बापुराव दूधकवढे मु. छत्रापूर ता. सौन्सर जि. पाढूर्णा **यांचे शेत खसरा क्रमांक :- 73/2 :- 0.065074/2: - 0.0061075/1 :- 0.341076/2 :- 0.3410 एकूण क्षेत्रफळ 0.5014**
हेकटेयर हे विकत घेण्या चा सौदा केला आहे तरी उपरोक्त शेती बाबत कोणाचाही कोणत्याही प्रकार चा हक्क संबंध, अधिकार, बोझा, विक्रीखत, गहाणखत, बक्षीसपत्र असल्यास हि सुचना प्रकाशित झालेल्या तारखे पासून 07 दिवसाच्या आत लेखी मूळ कागदपत्रा च्या पुराव्या सह प्रत्यक्ष भेटावे किंवा लेखी कळवावे. मुदती नंतर खरेदी खत करून घेण्यास आम्ही मोकळे राहू त्या नंतर कोणाचाही कोणत्याही प्रकार चा उजर किंवा आक्षेप मान्य केल्या जाणार नाही

**हिमांशू मदन देशपांडे**
मो. नं. 8208314503





10 YEAR WARRANTY
BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE
72198 21111
SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत 28 फरवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर.

Authorised Dealers for BAJAJ Auto Ltd.: Balaghat: SAI BAJAJ 9425822517, Chhindwara : SUNIL BAJAJ 222203, 7771003685 Seoni FRONTIER A S BAJAJ 9302893612.



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677, 235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589